### खबर संक्षेप

## 38 किमी सड़क निर्माण को मिली मंजूरी

**उमरियापान।** स्लीमनाबाद–विलायतकला मार्ग के निर्माण/उन्नयन हेतु 38.18 किलोमीटर लंबाई के कार्य को मंजूरी दी गई है, जिसकी कुल लागत 10.70 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। यह स्वीकृति लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह द्वारा जारी पत्र के माध्यम से बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह धीरू को अवगत कराई गई। पत्र में उल्लेख है कि उक्त निर्माण कार्य से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और स्थानीय नागरिकों को आवागमन में राहत मिलेगी । क्षेत्रवासियों ने इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को लेकर प्रसन्नता जताई है और उम्मीद व्यक्त की है कि कार्य शीघ्र प्रारंभ होकर समयबद्ध रूप से पूर्ण होगा । स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का मानना है कि यह सड़क विकास को नई गति देगी।

## स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन आज

**कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु एक ही छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर विकासखण्ड बहोरीबंद स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय, बहोरीबंद में बुधवार 28 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले (युवा संगम) का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंन्द्र, शासकीय आई.टी.आई कटनी, मप्र राज्य डे ग्रामीण आजीविका मिशन एवं वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। जिसमें जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जावेगी। वहीं दूसरी ओर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिये ऋण भी उपलब्ध कराया जावेगा। साथ ही चयनित युवाओं को जिले में एवं जिले के बाहर की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप में भी भेजा जावेगा।

### जिलेभर में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस, मुख्य समारोह में कलेक्टर ने फहराया तिरंगा

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखी देशप्रेम की झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्र का 77वां गणतंत्र दिवस जिलेभर में हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। गणतंत्र दिवस का जिले का मुख्य समारोह यहां झिंझरी स्थित पुलिस लाइन मैदान में आयोजित किया गया। जहां मुख्यण अतिथि कलेक्टर आशीष तिवारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। कलेक्टेर श्री तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने खुली सफेद जिप्सी में परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किया। इस मौके पर सशस्त्र बलों द्वारा हर्ष फायर किए गए एवं राष्ट्र धुन बजाई गई।

कलेक्टर श्री तिवारी ने हर्ष और उत्साह के प्रतीक तिरंगे के तीन रंगों के गुब्बारे मुक्त आकाश में छोड़ा। समारोह में प्लाटून द्वारा शानदार मार्च पास्ट किया गया। मार्च पास्ट में विशेष सशस्त्रे पुलिस बल,जिला पुलिस बल पुरुष, जिला पुलिस बल महिला और जिला होमगार्ड बल सहित एन.सी.सी. और स्कूलों के प्लाटून शामिल थे।परेड का नेतृत्व परेड



कमांडर श्रीमती संध्या राजपूत ने किया जबकि सेकंड इन कमांडर संजीव रावत थे। मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री तिवारी ने मार्च पास्ट के बाद परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया।

गणतंत्र दिवस पर आयोजित जिले के मुख्य समारोह में राज्य शासन के 12 विभागों द्वारा विकास कार्यों एवं शासकीय योजनाओं पर केंद्रित आकर्षक झांकियां निकाली गई। जिनमें कृषि कल्याोण तथा कृषि विकास विभाग, जिला पंचायत, उद्योग विभाग, नगर निगम, वन विभाग, पुलिस विभाग, लोक स्वावस्य्ंद यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, आदिम जाति कल्याणि, स्वास्थ्य विभाग, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग की झांकिया शामिल रही। इसमें जिला पंचायत कटनी की झांकी को प्रथम, नगर निगम कटनी की झांकी को द्वितीय एवं कृषि विभाग की झांकी को तृतीय स्थान मिला।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां

मुख्य कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत 9 स्कूलों एसीसी कैल्ड्रींज स्कूल, कन्याक शिक्षा परिसर स्कूल, डीपीएस स्कूल, वार्डस्ले इंग्लिस मीडियम स्कूल, नेचर्स स्काूल, एनकेजे स्कूल, समक्ष छात्रावास (सीडब्यु एसएन होस्ट्ल) प्रेमनगर और सांदीपनी विद्यालय के छात्रों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति देकर लोगों को देशप्रेम के जोश और जज्बे से ओत-प्रोत कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता में डीपीएस स्कूजल कटनी के छात्रों ने पहला स्थान हासिल किया, वहीं कन्याा शिक्षा परिसर स्कूल को द्वितीय और एसीसी कैल्ड्री जस्कूतल को तृतीय स्थान मिला। जबकि परेड प्रतियोगिता में जिला पुलिस बल महिला को पहला, जिला पुलिस बल पुरूष को दूसरा और विशेष सशस्त्र पुलिस बल कटनी को तीसरा स्थान मिला।

### कर्मचारी व समाजसेवी सम्मानित

मुख्यय समारोह स्थतल में उत्कृ्ष्टल कार्य करने वाले शासकीय कर्मियों और समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्माानित किया गया। इस दौरान कुल 67 शासकीय कर्मियों और 5 समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। जिसमें जिला पंचायत के 5, स्वास्थ्य विभाग के 13, लोक सेवा प्रबंधन विभाग के 3, महिला एवं बाल विकास विभाग के17, कलेक्टलर कार्यालय के9, पुलिस विभाग के 17, वन विभाग के 3 और 5 समाज



### भारत पर्व में बुंदेली लोकगायन एवं कथक नृत्य की प्रस्तुति

गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोकतंत्र के लोक पर्व पर भारत पर्व का आयोजन नगर निगम के बस स्टैंड ऑडिटोरियम में किया गया। जिसमें सुश्री कहकशां अंजुम की अगुवाई में 9 सदस्यीय दल द्वारा बुंदेली लोकगायन और जबलपुर की श्रीमती स्वाति मोदी तिवारी के नेतृत्व में 15 सदस्यीय दल द्वारा कथक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में वंदे मातरम, चित्र प्रदर्शनी प्रदर्शनी लगाई गई। इसके अलावा जिला जनसंपर्क कार्यालय कटनी द्वारा विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर आधारित विकास प्रदर्शनी लगाई गई, जिसे लोगों ने भरपूर सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जिले के विभिन्न शासकीय विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल,कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जितेंद्र कुमार शर्मा पी डी जे कटनी, भू भास्कर यादव प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट, एसपी एस बुंदेला डिस्ट्रिक्ट जज कटनी, जे पी चिड़ार सी थे एम कटनी, अजय कुमार नागेश डिस्ट्रिक्ट रजिस्टार कटनी,जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी,अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, विंकी सिंहमारे उईके, ज्योति लिल्हारे, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, नगर निगम उपायुक्त शैलेष गुप्ता मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने समय सीमा में कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने दिये निर्देश

# 12.63 करोड़ से निर्माणाधीन आईटीआई भवन में दीमक रोधी ट्रीटमेंट कराने दी सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को जिले के विकासखंड रीठी में 12 करोड़ 63 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) के भवन का औचक निरीक्षण किया और गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रही।

### हास्टल का निरीक्षण

कलेक्टर श्री तिवारी ने रीठी के ममार गांव से निकलने वाली केन नदी के तट पर बन रहे आईटीआई



भवन के समूचे परिसर और निर्माणाधीन भवन के भूतल और प्रथम तल के कक्षों, हॉल तथा वर्कशेड आवास और हॉस्टल्स का निरीक्षण किया और निर्देशित किया कि भवन को सुपुर्द करने के पहले दीमकरोधी पेस्ट कंट्रोल करायें ताकि भविष्य में दीमकों से भी भवन सुरक्षित रहे।

मौके पर मौजूद रहे शासकीय आईटीआई रीठी के प्राचार्य शरद कुमार पाण्डेय और परियोजना क्रियान्वयन इकाई के कार्यपालन यंत्री ने कलेक्टर श्री तिवारी को निर्माणाधीन भवन की ड्राइंग डिजाइन शीट का भी अवलोकन कराया। बताया गया कि इस निर्माणाधीन आईटीआई के मुख्य भवन में 6 ट्रेड संचालित होंगे। साथ ही परिसर में 60-60 सीटर के दो छात्रावास क्रमशः बालक व बालिका छात्रावास भी यहां संचालित होंगे।

इसके अलावा प्राचार्य सहित स्टाफ के रूकने के लिये निर्माणाधीन भवन परिसर में ही कुल 7 आवासीय क्वार्टर भी बनाये जा रहे हैं। निर्माणाधीन आईटीआई की निर्माण एजेंसी परियोजना क्रियान्वयन इकाई है।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार रीठी संदीप सिंह ठाकुर, नायब तहसीलदार खगेश भलावी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### लंबित मांगों को लेकर बैंक कर्मचारियों ने की हड़ताल



भारतीय स्टेट बैंक सहित सभी सरकारी बैंकों के कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों, विशेषकर सप्ताह में दो दिन अवकाश की मांग को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। हड़ताल के दौरान बैंक कर्मचारी एसबीआई की मुख्य शाखा के बाहर एकत्र हुए। यूनाइटेड फोरम के बैनर तले उन्होंने केंद्र सरकार और बैंक प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में बढ़ता कार्यभार अब असहनीय हो गया है। यूनियन पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को उचित ठहराते हुए बताया कि डिजिटल बैंकिंग और विभिन्न सरकारी योजनाओं के कारण बैंक कर्मियों पर काम का बोझ काफी बढ़ गया है। लगातार काम और अपर्याप्त आराम के कारण कर्मचारी शारीरिक और मानसिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उनकी मुख्य मांग है कि अन्य सरकारी विभागों और आईटी क्षेत्र की तरह बैंकों में भी शनिवार और रविवार को अवकाश अनिवार्य किया जाए। पदाधिकारियों ने कहा कि वे लंबे समय से अपनी मांगों के लिए शांतिपूर्ण प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सरकार और संबंधित प्राधिकरणों द्वारा इसे लगातार टाला जा रहा है। इसलिए, उनके पास आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।



## शासकीय कार्यालयों, स्कूल-कॉलेजों में हुआ ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान क्षेत्र में गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न संस्थानों और शासकीय कार्यालयों में ध्वज फहराकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई।उमरियापान के हृदय स्थलझंडा चौक में पं. मौजीलाल पौराणिक, ग्राम पंचायत में सरपंच अटल ब्यौहार, थाना परिसर में थाना प्रभारी दिनेश तिवारी, सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य मुकेश पटेल,शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य दिलीप बाजपेयी, वन विभाग में रेंजर अजय मिश्रा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ डॉ. बी.के. प्रसाद ने ध्वज फहराया।इसी प्रकार ढीमरखेड़ा राजस्व कार्यालय में एसडीएम निधि गोहल, जनपद कार्यालय में जनपद अध्यक्ष सुनीता दुबे, उमरियापान महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे, ढीमरखेड़ा महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य बृजलाल अहिरवार, सिलौड़ी शासकीय महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य रतिराम अहिरवार और शासकीय आईटीआई उमरियापान में प्राचार्य संत सिंह द्वारा ध्वज फहराया गया। इसके अलावा सरपंचों ने ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रगान गाया और जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने पर्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्षेत्र की ग्राम पंचायतों और शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की गईं।

### आदिवासी परिवारों का ने पुनर्वास की जमीन दिलाने की मांग

# आदिवासी परिवारों द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय का किया गया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मंगलवार को विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों आदिवासी परिवारों ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया। इन परिवारों ने वन विभाग की भूमि पर पट्टा दिए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। ये परिवार अपनी जमीन से बेदखल होकर वर्षों से बाणसागर तालाब के किनारे बसे हुए हैं। बारिश के दिनों में इनके घरों में पानी भर जाता है, जिससे इनकी मुश्किलें बढ़ जाती हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार ने पूर्व में डूब क्षेत्र में आने वाले परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर जमीन देने का वादा किया था। हालांकि, प्रशासन ने केवल मुआवजा देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली और पुनर्वास के नाम पर जमीन नहीं दी। जमीन न मिलने के कारण ये परिवार भूमिहीन होकर भटक रहे हैं। जीविका के



साधन के अभाव में उन्हें 'खुरई' जैसे क्षेत्रों में जाकर मजदूरी करनी पड़ रही है।

### खाली भूमि आवंटन की मांग

ज्ञापन में आदिवासियों ने वन अधिकार कानून का हवाला देते हुए बताया कि उन्हें एक हेक्टेयर वन भूमि का अधिकार प्राप्त है। उनका कहना है कि धरातल पर उन्हें इस हक से वंचित रखा गया है। आदिवासियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उन्हें विजयराघवगढ़ वन परिक्षेत्र की भूमि या राजस्व की खाली भूमि आवंटित नहीं की जाती है, तो वे अपने परिवारों के जीवनयापन के लिए वन भूमि पर स्वयं काबिज होने को मजबूर होंगे।







### प्रयागराज मेले में हुई घटना के विरोध में संत समाज दिल्ली में करेंगे प्रदर्शन

# प्रशासन एवं पुलिस की अमानवीय बर्बरता बेहद निंदनीय : संत त्यागी महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मौनी अमावस्या में प्रयागराज माघ मेले के दौरान सनातन धर्म के सबसे शीर्ष स्थान पर विराजमान शंकराचार्य व उनके शिष्यों तथा वटुकों के साथ पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा अभद्रता करते हुए मारपीट के कर संगम नोज में गंगा स्नान करने से रोक दिया गया था।

प्रशासन व पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा की गई बद्सलूकी के बाद शंकराचार्य के अनुयायियों तथा वटुकों को घंटों संगम थाने में मारपीट कर अखाडा जाने विवश किया गया था, जिसके बाद देश भर में भाजपा व स्थानीय पुलिस व प्रशासन के रवैये को लेकर कड़ी



निंदा व्यक्त करते हुए लोग आक्रोशित हो रहे हैं। अपना विरोध प्रकट करने जिले के बड़वारा स्थित ज्ञान तीर्थ विलायतकला के संत त्यागी जी द्वारा बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ प्रयागराज पहुंचकर आक्रोश व्यक्त करते हुए पुलिस के आला अधिकारियों व प्रशासन को लताड़ लगाते हुए असंतोष व्यक्त किया।

उन्होनें ने कहा शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के साथ किए गए इस कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। गुरूकुल में अध्यनरत नन्हें वटुकों के साथ जिस प्रकार पुलिस ने चोटी पकड़कर घसीटते हुए जूता लात से मारपीट की है वह जघन्य अपराध है इसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। वहां मौजूद शंकराचार्य के शिष्य दंडी स्वामी मुकुन्दानन्द ने कहा कि हमारे महाराज अविमुक्तेश्वरानंद जी द्वारा गौ हत्या को बंद कर गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने आंदोलन किया जा रहा है जिस पर भाजपा सरकार किसी भी कीमत में गौ हत्या बंद करने राजी नहीं हो रही है।

### बटुको की शिखा नहीं खींचनी चाहिए थी : ब्रम्हमूर्ति



कैमोर के समाजसेवी एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता ब्रम्हमूर्ति तिवारी ने कहा कि सनातन काल से साधु संत पूज्यनीय रहे हैं, संत ही राजाओं का मार्गदर्शन करते रहे हैं, संत यदि रुष्ठ भी हो जाते थे तो उनको मनाया जाता था,जब भृगु ऋषि ने भगवान विष्णु के हृदय स्थल में अपनी लात से प्रहार किया था तो भगवान विष्णु शक्ति संपन्न होते हुए भी भृगु ऋषि पर नाराज नहीं हुए बल्कि उनकी पैरों की उंगली पकड़कर उनसे यह पूछा कि आपके पैर को कष्ट तो नहीं हुआ। यह मान भी लिया जाए कि उस दिन गलती भगवान शंकराचार्य के शिष्यों की थी फिर भी सरकार को उनकी शिखा नहीं खींचना चाहिए, लाठी नहीं मारना चाहिए, और इसके बाद भी जब शंकराचार्य जी धरने पर बैठे तब भी उनसे क्षमा याचना करके उनको मनाना चाहिए।

उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने गौ मांस के निर्यात में लगातार इजाफा कर नए रिकार्ड बना रही है। हम किसी भी कीमत में गौ हत्या आंदोलन नहीं बंद करेगें, हिन्दुत्व के नाम पर सत्ता में आई भाजपा से हमें उम्मीद थी कि गौ वध को रोकेगी, लेकिन केन्द्र व राज्य में बहुमत के साथ सत्ता में आई भाजपा ने ठीक इसके उल्टा कार्य करते हुए लायसेंसी बूचड़खानों में खुले आम गौ वध कर मांस को विदेशों में भेजा जा रहा है। 10 मार्च को दिल्ली में संत समाज आंदोलन करेंगे।






## खबर संक्षेप



### स्टेडियम बनाने की घोषणा, शिक्षिका सहित 3 का सम्मान

**सिलौड़ी।** विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने पंचमुखी सेवा न्यास दरबार की बाउंड्री और सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा किया । सिलौंडी में 1 करोड़ 30 लाख की लागत से खेल मैदान स्टेडियम बनाने की घोषणा किया है । कन्या स्कूल और बालक स्कूल में शौचालय निर्माण की भी घोषणा किया। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में सिलौंडी के व्यापारी अमित सोनी, भंडारी सोनी और उर्मिला कुलस्ते शिक्षिका का विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने मंच से सम्मान किया। भंडारी सोनी ने तीनों स्कूल के लिए एक एक वॉटर फ्रिज प्रदान किया है जिसकी लगभग लागत 1 लाख रुपया है । उर्मिला कुलस्ते ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास को 1 वॉटर फ्रिज जिसकी लागत 33 हजार रुपया प्रदान किया है । इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष सदन तिवारी, सेवाराम साहू ,पंच नितिन राय ,पंच शिवकुमार पटेल, प्राचार्य विशाल वरकड़े, चंद्र कुमार परमार, कोठी साहू , सुधीर जैन, पिंकी जैन सहित विद्यार्थियों की मौजूदगी रही।

### जिपं सीईओ ने जांच का दिया आश्वासन



**उमरियापान।** ग्राम पंचायत उमरियापान में सड़क निर्माण को लेकर उठे सवालों के बीच जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) हरसिमरनप्रीत कौर ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। सीईओ ने स्पष्ट किया है कि फ्लोरी मशीन से सड़क निर्माण का कोई प्रावधान नहीं है और यदि इस तरीके से सड़क बनाई जा रही है तो यह नियमों के विरुद्ध माना जाएगा। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई थी कि पंचायत क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य फ्लोरी मशीन से कराया जा रहा है, जबकि स्वीकृत तकनीकी मानकों और दिशा-निर्देशों में इसका उल्लेख नहीं है। शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में आया और जिला पंचायत सीईओ ने पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कराने की बात कही। जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने कहा कि यदि जांच में यह पाया जाता है कि निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के विपरीत किया गया है, तो संबंधित जिम्मेदारों पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी दोहराया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### 3 औद्योगिक इकाईयां सील

**कटनी।** लमतरा इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित 3 औद्योगिक इकाईयों क्रमशः सियाराम इंडस्ट्रीज, विकास राइस मिल और भव्या राइस मिल को सील किया गया है। आद्योगिक इकाईयों में मप्र नागरिक आपूर्ति निगम और उद्योग विभाग द्वारा मापदंडों का पालन नहीं हो रहा था।

## ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस पर्व, स्कूलों में विद्यार्थियों ने दी मोह सांस्कृतक प्रस्तुतियां

# आन बान शान से लहराया तिरंगा, शहीदों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा





बड़वारा मुख्यालय एवम ग्रामीण अंचलों में गणतंत्र दिवस पर्व गरिमा एवं उल्लास पूर्वक मनाया गया। बड़वारा में स्थानीय शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में सञ्चालक बी पी द्विवेदी ने बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह व गणमान्य जनों की उपस्थिति में राष्ट्र ध्वज फहराया एवम ध्वज की सलामी ली तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर छात्र छात्राओं के द्वारा भारत माता की आकर्षक झांकी बनाई गई। स्कूल के छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

**ग्राम पंचायत बड़वारा** - ग्राम पंचायत बड़वारा में सरपंच श्रीमती सुनैना बाई तेकाम ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवम तिरंगे की सलामी ली। इस दौरान उप सरपंच अनुराग गुप्ता, सचिव नरेश यादव,सहायक सचिव भोलू पटेल, एवम समस्त पंच, गणमान्य जन तथा जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

एक्सीलेंस स्कूल बड़वारा में स्कूल की टॉपर छात्रा ने किया ध्वजारोहण शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में कक्षा 11 वीं की टॉपर छात्रा कुमारी मेघा यादव जो वर्तमान में कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत है के द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। कुमारी मेघा यादव ने राष्ट्रीय ध्वज की सलामी ली। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में पूर्व में भी राज्य स्तर की क्रिकेट खिलाड़ी बड़वारा निवासी भागवती कुशवाहा के द्वारा ध्वजारोहण करवाया गया था। उल्लेखनीय है कि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाता है। छात्र छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति गणतंत्र दिवस परशासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किये गए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों देश भक्ति पूर्ण गीत, ओजस्वी भाषणों से दर्शक भाव विभोर हो गए। इस दौरान विद्यालय का समूचा स्टाफ मौजूद रहा।

**ग्राम पंचायत कछारी** - ग्राम पंचायत कछारी में ग्राम की मुखिया श्रीमती भारती नीलेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवम शहीदों को याद किया। इस दौरान ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक नीलेन्द्र सिंह, पँचायत सचिव कौशल पाठक, सहायक सचिव विनय सिंह सोलंकी तथा पँचायत के पंच गण व आम जन मौजूद रहे।

**भगनवारा पँचायत** - ग्राम पंचायत भगनवारा में ग्राम की सरपंच श्रीमती मुन्नी बाई असाटी ने ध्वजारोहण किया व ध्वज की सलामी ली।इस दौरान गणमान्य जनों की उपस्थिति रही। पँचायत कार्यालय में आकर्षक सजावट की गई। सरपंच के द्वारा सभी को मीठा, प्रसाद व स्वल्पाहार करवाया गया।

**ग्राम पंचायत नन्हवारा सेझा** - ग्राम पंचायत नन्हवारा सेझा में ग्राम की सरपंच श्रीमती कुसुम दुबे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवम ध्वज वंदन किया। शहीदों की शहादत को नमन किया व पुष्प सुमन अर्पित कीं। इस दौरान उप सरपंच फक्कड़ सिंह, पँचायत सचिव राम भरोसे सेन, सहायक सचिव रवि कोल व गणमान्य जनों में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुधीर दुबे तथा ग्राम के प्रतिष्ठित जन व ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

**शासकीय उमावि भुड़सा** - शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़सा में संकुल प्राचार्य सी बी.परस्ते एवम विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य देवेंद्र जायसवाल की उपस्थिति में उदय राज सिंह भूतपूर्व सैनिक एवम भूतपूर्व प्राचार्य के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवम राष्ट्रीय ध्वज की सलामी ली गई। इस दौरान विद्यालय के स्टाफ एवम गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

शासकीय हाई स्कूल जनशिक्षा केंद्र नन्हवारा सेझा में ग्राम सरपंच ने किया ध्वजारोहण शासकीय हाईस्कूल जन शिक्षा केन्द्र नन्हवारा सेझा में ग्राम की सरपंच श्रीमती कुसुम दुबे ने ध्वजारोहण किया एवम ध्वज की सलामी ली। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य मोहन लाल केवट एवम जन शिक्षक सुरेश महोबिया तथा विद्यालय का स्टाफ एवम गणमान्य जन उपस्थित रहे।

माध्यमिक शाला लुहरवारा नम्बर 2 में हुआ ध्वजारोहण शासकीय माध्यमिक शाला लुहरवारा नम्बर 2 में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष किसान मोर्चा बड़वारा अवधेश सोनी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वज वंदन किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाध्यापक शत्रुघ्न पाण्डे एवम स्थानीय जनप्रतिधियों व गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।

बड़वारा स्थित शासकीय विश्राम गृह में आकर्षक साज सज्जा व हर्षोल्लास के साथ 77 वें गणतंत्र दिवस को मनाया गया। टाइम कीपर सुरेंद्र पटेल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवम राष्ट्रीय ध्वज की सलामी ली गई। टाइम कीपर सुरेंद्र पटेल ने देश के वीर सपूतों को नमन किया। ध्वजारोहण के शुभ अवसर पर केयरटेकर मुबीना अफरोज खान एवम स्थानीय जनों की उपस्थिति रही। सभी को बूंदी एवम प्रसाद वितरित की गई।

**माध्यमिक शाला चाँदन** - शासकीय माध्यमिक शाला चाँदन में गणतंत्र दिवस पर ग्राम के प्रतिष्ठित एवम समाजसेवी हरिप्रसाद पांडे (भोला महाराज) ने ध्वजारोहण किया एवम पुष्प सुमन अर्पित किए। देश को आजाद करवाने में अपने प्राणों का बलिदान करने वाले वीर सपूतों की शहादत को नमन किया।स्कूल में अध्ययन रत छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों व गीत संगीत तथा भाषणों की प्रस्तुति की जिसे उपस्थित जनों के द्वारा सराहा गया। छात्र छात्राओं को उनकी शानदार प्रस्तुति पर हरिप्रसाद पाण्डे(भोला महाराज) के द्वारा पुरस्कृत किया गया। स्कूल के प्रधानाध्यापक सुनील तिवारी ने सभी उपस्थित गणमान्य जनों का आभार व्यक्त किया। इस पावन अवसर पर स्कूल का समूचा स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी को मीठा एवम प्रसाद वितरण किया गया।

## ढीमरखेड़ा मुख्यालय एवं ग्रामीण अंचलों में गणतंत्र दिवस पर हुये आयोजन



ढीमरखेड़ा मुख्यालय एव ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लाष एवम उमंग के साथ 77 वें गणतंत्र दिवस को गरिमा एव उल्लास पूर्वक मनाया गया। ढीमरखेड़ा नगर में शासकीय एव अशासकीय कार्यालयों स्कूल में देश के गौरव के प्रतीक राष्ट्र ध्वज तिरंगा झंडा को जश्न के साथ फहराया गया। ढीमरखेड़ा में स्थानीय शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में गोमती बैन ने व्यवहार न्यायालय पूर्वी तिवारी जनपद पंचायत सुनीता संतोष दुबे थाना प्रांगण अभिषेक चौबे गणमान्य जनों की उपस्थिति में राष्ट्र ध्वज फहराया एवम ध्वज की सलामी ली तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर आरके गौतम हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययन रत छात्र छात्राओं के द्वारा भारत माता की आकर्षक झांकी बनाई गई जिसकी जन समुदाय ने प्रशंसा की। स्कूल के छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। स्कूल के छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी को मीठा एवम प्रसाद वितरण किया गया।



ढीमरखेड़ा हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्रों के द्वारा स्कूल प्रांगण से थाना प्रांगण तक प्रभात फेरी निकल गई। ढोल नगाड़ा की धुन में वंदे मातरम गीत के साथ नगर भ्रमण करते हुए अमर शहीदों के जयकारे के साथ थाना प्रांगण पर आकर ध्वजारोहण करवाया एवं पुनः वापस स्कूल प्रांगण पर पहुंचकर संस्कृत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा गीत भाषण प्रस्तुत किए गए। ढीमरखेड़ा मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीश पूर्वी तिवारी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं प्रांगण परिसर पर वृक्षारोपण किया गया एवं जन समुदाय को विधीक साक्षरता के माध्यम से लोगों को संदेश दिया कि धरती माता को हरा भरा रखने के लिए पेड़ पौधे एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है इसलिए राष्ट्रीय पर्व पर वृक्षारोपण सभी लोग किया करें थाना प्रभारी द्वारा किया गया था ध्वजारोहण थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के द्वारा थाना प्रांगण परिसर पर ध्वजारोहणकर अमर शहीदों को एवं राष्ट्रीय तरंगे झंडे को सलामी दी गई और उत्कृष्ट कार्य करने वाले बांध कोटवार रिकी दाहिया को एंव पहरुआ कोटवार कुंवर सिंह को सम्मानित किया गया और कहा गया कि भविष्य में अच्छे कार्य करने वाले सभी कोटवारों को आगामी समय में सम्मानित किया जाएगा।

## सिलौंडी क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस पर्व



सिलौंडी क्षेत्र में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थल कन्या हाई स्कूल में हुआ जहां विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह में ध्वजारोहण किया। ग्राम पंचायत सिलौंडी में सरपंच पंचों संतोष कुमार,उपसरपंच राहुल राय,जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने ध्वजारोहण किया। सिलौंडी और कछार गांव बड़ा में रानी अवंती बाई प्रतिमा के बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह,जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय,मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी,भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर प्रशांत राय,सरपंच कैलाश चंद्र जैन ने ध्वजारोहण किया । ग्राम पंचायत खमरिया बागरी में सरपंच अनिल सिंह बागरी,लालपुर में सरपंच मीना मोहन बागरी, पाली में सरपंच दीनू सिंह ठाकुर, अतसूमा में सरपंच सुशील परस्ते , दशरमन में सरपंच सीमा भरत शुक्ला पुलिस चौकी में चौकी प्रभारी अनिल पांडे,उप तहसील भवन में नायब तहसीलदार नरेंद्र खरे ने ध्वजरोहण किया इस अवसर पर रिटायर्ड फौजी कमलेश राय ,दुखी लाल हल्दकार,पंच पुनीत सेन की उपस्थिति रही ।

सिलौंडी के मुख्य समारोह स्थल में मुख्य अतिथि के रूप में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, कार्यक्रम की अध्यक्षता रजनीकांत राय , विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच पंचों संतोष कुमार,उपसरपंच राहुल राय , मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर प्रशांत राय, जनपद पंचायत सदस्य माधुरी रवि अवस्थी,पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा सुरेश राय ,किशन राय ,मोती हल्दकार रहें। गठतंत्र दिवस के अवसर पर सहकारी समिति में सभापति जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने ध्वरोहण किया । इस दौरान सरपंच पंचों संतोष कुमार,कपिल राय ,प्रबंधक पुरुषोत्तम बर्मन ,विकी साहू ,नेहा हल्दकार की उपस्थिति रही। जय स्तंभ में वरिष्ठ रजनीकांत राय ,जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय,सरपंच पंचों संतोष कुमार,उपसरपंच राहुल राय,शंकर लाल राय ,सतेंद्र राय ने ध्वजारोहण किया । भारत नगर में उपसरपंच राहुल राय ,पंच अंजो देवी वंशकार ने ध्वजोहरण किया । सिलौंडी क्षेत्र के देहदान करने वाले रिटायर्ड शिक्षक स्वर्गीय कमलेश राय की स्मृति में पंचमुखी सेवा न्यास दरबार ने मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह के माध्यम से विधायक को बूंदी से तौला है ।

# हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस, उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



शासकीय महाविद्यालय बरही में गणतंत्र दिवस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी द्वारा राष्ट्रध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्राध्यापको, विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिको द्वारा राष्ट्र गान गायन के पश्चात राष्ट्र ध्वज को सलामी दी गई। सौरभ तिवारी के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों नृत्य, गायन, नाटक, भाषण आदि की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। साथ ही योग प्रशिक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रदर्शित योग क्रियाओं ने उपस्थित सभी दर्शको को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम के अगले चरण में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में वर्ष भर राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब, पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से वर्ष भर संचालित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमो में विश्वविद्यालय, जिला के साथ संस्था स्तर पर उत्कृष्ठ कार्य करने वाले स्वयंसेवकों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी एवं अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं स्मृति - चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी सौरभ तिवारी एवं आभार प्रदर्शन सुनील कुमार कहार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में नगर परिषद बरही के अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, पार्षद संतोष द्विवेदी, प्रवीण त्रिवेदी पीडी ताम्रकार संजय बिलौहा नन्द कुमार गुप्ता, नवल चतुर्वेदी, रमेश तिवारी, ए.पी. श्रीवास्तव, रजनीश नामदेव, ज्योति उपाध्याय, शालिनी सोनी, श्रीमती आभा तिवारी, ममता सोनी, रानू सोनी आदि मौजूद रहीं।

*नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाये रखने नागरिकों से की सहयोग की अपील*

# ननि कार्यालय में महापौर ने किया ध्वजारोहण, उत्कृष्ट कार्य पर कर्मचारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



गणतंत्र दिवस पर नगर निगम कार्यालय में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम में के.सी.एस. स्कूल की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि भारतीय संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है तथा इन्हीं मूल्यों के अनुरूप कार्य करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने नगर निगम के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, स्वच्छता, सुगम आवागमन एवं नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु सतत प्रयास किए जाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

नगर निगम के माध्यम से संचालित योजनाओं एवं सेवाओं को विशेष रुचि लेकर बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को महापौर श्रीमती सूरी एवं उपस्थित अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने नगर की स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वच्छता दूतों को पुष्प मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता दूत नगर की स्वच्छता की रीढ़ हैं, जिनकी मेहनत और समर्पण से शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सफलता मिलती है। महापौर ने सभी स्वच्छता कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें निरंतर इसी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने सहभागी बनकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती सूरी ने स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छ शहर ही स्वस्थ और समृद्ध शहर की पहचान होता है।

कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, डॉ. रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद वंदना राजकिशोर यादव, सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, रेखा संजय तिवारी, उपायुक्त शैलेश गुप्ता, पूर्व पार्षद डब्बू रजक, रचना गुप्ता, राजकिशोर यादव, प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, अंशुमान सिंह, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक मौजूद रहे।

## स्लीमनाबाद क्षेत्र में गरिमामय एवं उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया गया गणतंत्र दिवस

# आन -बान -शान से लहराया तिरंगा, देशभक्ति के साथ गूंजे भक्ति के तराने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद








तहसील क्षेत्र में गणतंत्र दिवस गरिमामय एवं उल्लास पूर्ण माहौल में मनाया गया। ग्राम पंचायत भवन में सरपंच संगीता महोबिया, महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय, थाना में थाना प्रभारी सुदेश सुमन, एसडीओपी कार्यालय में एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, विद्युत कार्यालय में सहायक अभियंता अभिषेक गढेवाल,पीएचई कार्यालय में एसडीओ मोहित तिवारी, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मे प्राचार्य डी के ठाकुर, छात्रावास में अधीक्षिका सपना दीवान, सरकारी अस्पताल मे डॉ शिवम दुबे ,तहसील कार्यालय मैं तहसीलदार सारिका रावत ने ध्वजारोहण किया।

ग्राम पंचायतो में सरपंचो के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।शासकीय हाई सेकेण्डरी स्कूल धूरी में गरिमा चन्द्रवंशी, ज्ञान मंगलम मै प्राचार्या सोहनी जैन, महर्षि विद्या मंदिर में प्राचार्या प्रीति मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। इसके साथ अन्य सरकारी व निजी संस्थानों मैं 76 वां गणतंत्र दिवस गरिमामय व उल्लास पूर्ण तरीके से मनाया गया।तहसील स्तरीय कार्यक्रम गांधी चौक स्लीमनाबाद में आयोजित हुआ। जहां विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। देशभक्ति के साथ भक्ति के तराने गूंजे। अतिथियों के द्वारा विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी ने कहा देश के महान सपूतों और शहीदों के बलिदान के कारण आज हम गणतंत्र के अमृतकाल के साक्षी बन रहे हैं। यह गणतंत्र अनादिकाल तक चलता रहे, इसके लिए हम सब को समर्पण और कर्तव्यनिष्ठ होना होगा। उन्होंने स्वच्छता का महत्व समझाते हुए आव्हान किया कि हमें सब कुछ देने वाली धरती मां को स्वच्छ और सुंदर रखें। यह भी देश सेवा का ही एक रूप होगा।इस दौरान सरपंच संगीता गुड्डन सिंह,जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी, प्राचार्य डी के ठाकुर,नरेंद्र दुबे,सविनय तिवारी सहित अधिकारी-कर्मचारियों व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### बहोरीबंद में भी ध्वजारोहण

बहोरीबंद विकासखण्ड मुख्यालय में 77 गणतंत्र दिवस गरिमामय व उल्लास पूर्ण माहौल में मनाया गया। जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल,एसडीएम कार्यालय मैं एसडीएम राकेश चौरसिया, कृषि विभाग मैं एसएडीओ अमर सिंह एमा, परियोजना कार्यालय मैं परियोजना अधिकारी सतीश पटेल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ डॉ आनंद अहिरवार,पशु अस्पताल मे डॉ नेहा श्रेवस्वर, महावीर उत्कृष्ट विद्यालय मै प्राचार्य महेंद्र राय ने ध्वजारोहण किया। इसके साथ ही सरकारी व निजी स्कूलों मैं भी आन-बान-शान से तिरंगा लहराया।ग्राम पंचायतो मैं सरपंचो ने ध्वजारोहण किया। विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम जनपद पंचायत बहोरीबंद कार्यालय में आयोजित हुआ।जहां पंचायत विभाग अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

## सावधानी पूर्वक करें गैस का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



शुभ भारत गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी स्लीमनाबाद मे मंगलवार को गैस सुरक्षा शिविर आयोजित किया गया जहाँ प्रधानमंत्री उज्ववला योजना की महिला हितग्राहियों को गैस के संचालन संबंधी जानकारियां प्रदान की गईं। एजेंसी के संचालक संजय जैन के द्वारा महिलाओं को एलपीजी गैस के संबंध मे सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गईं। कहा गया कि गैस को चालू करते समय सावधानी बरतने की जरूरत है क्योंकि थोड़ी से भी लाफ़रवाही बड़े हादसे को अंजाम दे देती है। यदि गैस के माध्यम से अगर आग लग जाती है तो कैसे बचाव करे सिलेंडर जब घर आए तो सबसे पहले उसका लीकेज देखे। लीकेज देखने के लिए उसमें थोड़ा पानी डाले अगर वह पानी बुलबुले छोड़ रहा है मतलब लीकेज है। ऐसी स्थिति में डीलर से तुरंत संपर्क करें। अगर कोई आग लग जाती है या भयावह स्थिति होती है तो हेल्प लाइन नंबर 1906 मे कॉल करे । घर सिलिंडर आने पर उसका वजन भी चेक करें। अगर किसी समय सिलेंडर में आग लग जाए तो सबसे पहले सिलिंडर को खुले मैदान में रख दे ओर साथ ही स्वयं घर के बाहर आ जाए!गीले कम्बल से सिलेंडर को को लपेट दे!सुरक्षा शिविर मै प्रधानमंत्री उज्ववला योजना के तहत 50 महिला हितग्राहियों को गैस कनेक्शन वितरण किया गया।

### मुख्य समारोह में राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने किया ध्वजारोहण, झांकियां रही आकर्षण का केन्द्र

# आन बान शान से फहराया तिरंगा

## जिले में समारोहपूर्वक मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले में गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोउल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। देश की आन-बान-शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, जिले भर में शान से लहराया। मुख्य समारोह स्थानीय स्टेडियम मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रातः 9 बजे राष्ट्रध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। उन्होंने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी सहित परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक अभिनव साहू के साथ सलामी परेड का निरीक्षण किया। इस मौके पर राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने हर्षोउल्लास के प्रतीक रंगीन गुब्बारे गगन में मुक्त किये। राज्यमंत्री श्री लोधी ने माला पहनाकर और साल श्रीफल भेंट कर लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया।

मुख्य अतिथि प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर सशस्त्र और निःशस्त्र बल की टुकड़ियों ने कदमताल करते हुये मार्च पास्ट किया। सशस्त्र बलों ने तीन बार हर्ष फायर कर राष्ट्रपति जी की जय का गगनभेदी जयघोष किया। राष्ट्रधुन बजाई गई। स्कूली छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इसी प्रकार सांदीपनि स्कूल पथरिया, गुरूनानक स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय हटा, डीपीएस विद्यालय दमोह, महर्षि विद्या मंदिर दमोह ने एक से बढ़कर एक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने श्रेष्ठ और सराहनीय कार्यो और योजनाओं में उपलब्धि हासिल करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया। पुलिस विभाग के अधिकारी और पुलिस कर्मी भी इस दौरान सम्मानित हुए। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिये भी समाज के लोगों को सम्मानित किया ।

इस अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र रही। इसमें शिक्षा विभाग को प्रथम, 1000 लाईव्स (1000 जिंदगी) को द्वितीय और कृषि विभाग को तीसरा पुरूस्कार मिला। इसमें स्वास्थ्य, जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग, जल संसाधन, जनजातीय विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, वन मण्डल, तकनीकी शिक्षा विभाग, जल जीवन मिशन तथा उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण विभाग शामिल रहे।

समारोह में प्रधान जिला न्यायाधीश सुभाष सोलंकी, विशेष न्यायाधीश उदय सिंह मरावी सहित अन्य न्यायाधीशगण, पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, उपाध्यक्ष जिला पंचायत मंजू धर्मेन्द्र कटारे, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, भावसींग मासाब, पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह, विद्यासागर पाण्डे, अमित गोलू बजाज, महेश पटैल, रजनी ठाकुर, संजय यादव, प्रिंस जैन, वन मंडलाधिकारी ईश्वर जरांडे एवं श्रीमती जरांडे, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, पुलिस अधीक्षक की धर्मपत्नी मैत्री सिंह, अखिलेश हजारी, रमन खत्री, आलोक गोस्वामी, राघवेन्द्र सिंह परिहार, संजय सेन, भरत यादव, एडीशनल कलेक्टर मीना मसराम, एडीशनल एसपी श्री सुजीत सिंह भदौरिया, एसडीएम आरएल बागरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मालती आसाटी, मुन्ना लाल सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकगण, लोकतंत्र सेनानी, सम्मानीय पत्रकारगण, अधिकारीगण और महिलायें, छात्र-छात्रायें उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे, डॉ. आलोक सोनवलकर, सुनील वेजेटेरियन एवं सुषमा जैन द्वारा किया गया।

## गैसावाद ग्रामीण आंचल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**गैसाबाद**। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गैसाबाद सहित आसपास की पंचायतों में 77 वा गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व हर्ष उल्लास पूर्वक बनाया गया ग्राम पंचायत गैसाबाद में सरपंच श्रीमती ललिता विनोद अहिरवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ग्राम पंचायत बलैह में सरपंच जुगल पटेल लंबरदार ने झंडा बंदन किया ग्राम पंचायत कचनारी में सरपंच श्रीमती यशोदा नोने सिंह राजपूत ने ग्राम पंचायत मोहरई में सरपंच श्रीरामआसरे गुड़ारे ने पुलिस थाना में थाना प्रभारी प्रियंका पटेल ने स्वास्थ्य विभाग में सीएचओ मालती पटेल आयुष विभाग में डॉक्टर युवराज गर्ग सेवा सहकारी समिति में जूनियर मैनेजर हाई स्कूल में प्रभारी प्राचार्य तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार राजेश सोनी मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक में बैंक मैनेजर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में एचएम ने एवं क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यालय में हटा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव द्वारा देश की आन बान शान तिरंगा झंडा को फहराते हुए देश के वीर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की, राष्ट्रीय पर्व के कार्यक्रम में नायब तहसीलदार पटवारी विशाल लोधी कोटवार श्रीराम दहिया एवं शासकीय कर्मचारी और ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

### सीमेंट फैक्ट्री द्वारा फहराया गया झंडा

गैसावाद में प्रस्तावित जेएसडब्ल्यू सीमेंट प्लांट के लिए खरीदी गई भूमि पर 5 साल बाद क्षेत्रीय लोगों की उपस्थिति में पहली बार झंडा वंदन किया गया, सीमेंट फैक्ट्री के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद अरविंद शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर प्लांट प्रोजेक्ट हेड देवेंद्र शर्मा, असिस्टेंट मैनेजर राहुल वर्मा आशीष झा, विकास, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर दहिया सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### आचार्य श्री विद्यासागर जी का कुण्डलपुर में द्वितीय समाधिदिवस मनाया

# पंचमकाल में गुरुदेव भगवान बनकर आए थे, अब तीर्थंकर बनने चले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र जैन तीर्थ कुण्डलपुर में विश्व वंदनीय ,जन जन के संत ,महान तपस्वी, आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के द्वितीय समाधि दिवस के अवसर पर विद्या शिरोमणि प.पू.आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से प.पू.आचार्य श्री विशदसागर जी महाराज, मुनिराजो माताजी ससंघ सानिध्य में प्रातः काल भक्तामर महामंडल विधान, आचार्य छत्तीसी विधान (पुन्यार्जक भामाशाह परिवार श्राविका श्रेष्ठी श्रीमती सुशीला पाटनी किशनगढ़), अभिषेक, शांतिधारा, ऋद्धि कलश संपन्न हुआ। दोपहर में स्थानीय विद्याभवन में विनयांजलि सभा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य श्री विशदसागर जी महाराज ने विन्यांजलि व्यक्त करते वह कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी ने संपूर्ण बुंदेलखंड पूरे भारत देश में जैन धर्म की जो अलख जगाई है उनके द्वारा अनेक तीर्थ का निर्माण हुआ, अनेक संतों अनेक आगम शास्त्रों का उद्भव हुआ। जिनधर्म को आगे बढ़ाने की उन्होंने कोशिश की उनकी प्रेरणा रही। जब तक उनका जीवन रहा तब तक उन्होंने जन-जन के कल्याण के लिए बहुत अच्छे कार्य किये ।कितने दूर दृष्टि रहे गुरुदेव उन्होंने साधकों के साथ-साथ लोगों को धर्म मार्ग में लगाया ।ऐसे महान संत जिनकी छवि क्या नेता क्या अभिनेता ,जैन, अजैन सभी के दिलों में बसी हुई है ।ऐसे आचार्य श्री विद्यासागर जी जो डोंगरगढ़ क्षेत्र पर समाधिस्थ हुए। सभी उनका समाधि दिवस अत्यंत भक्ति भाव से मनाते हैं ।संतों का दीक्षा दिवस ,समाधि दिवस अवश्य मानना चाहिए और यही भावना रहे हमारा अंतिम मरण समाधि मरण पूर्वक हो। यही भावना बड़े बाबा के चरणों में बैठकर हम सभी भाते हैं ।आचार्य विद्यासागर आचार्यों में चमकने वाले सूर्य थे। आचार्य श्री आगे आगे चलते गए और कारवां बढ़ता गया। साधना बढ़ाते चले गए और साधना के पुण्य प्रताप से सभी कार्य होते चले गए ।वे जंगल ,तीर्थक्षेत्र एकांत में साधना करते थे ।हमारे आराध्य हमारे बीच से चले गए लेकिन हम सभी हृदय में बसाए हैं सभी के अंतस में रहेंगे हमें उनके आदर्शों को प्राप्त करना है आप सभी ने जो भी सुना ग्रहण किया उसे जीवन में उतारना है। इस अवसर पर सभी मुनि राजो ने आर्यिका माता ने ,दीदी जी, भैयाजी ने भावांजलि व्यक्त करते हुए कहा आचार्य भगवन जीवन जीने की कला सिखा गये, मरण की कला भी हम सबको सिखा गए ।हम सब ने सोचा भी नहीं था छोटे बाबा आचार्य गुरुदेव की सबसे प्रिय तपोभूमि कुण्डलपुर बड़े बाबा के चरणों में उनका समाधि दिवस मनाने का हमें अवसर प्राप्त होगा। हम सबकी यही भावना है कि आचार्य श्री के जैसा समाधिमरण हम सबका हो ।पंचम काल में आप गुरुदेव भगवान बनकर आए थे ,24 तीर्थंकरों में तीर्थंकर बनने चले गए। इस अवसर पर आचार्य श्री विशदसागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री विशालसागर जी, मुनि श्री विभोरसागर जी, मुनि श्री विलक्ष्य सागर जी, मुनि श्री विपिन सागर जी ,पूज्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री प्रथमसागर जी, मुनि श्री प्रणेयसागर जी ,मुनि श्री योग्यसागर जी ,मुनि श्री मनोज्ञ श्रमण जी, मुनिश्री सौम्यसागर जी, मुनि श्री जयन्द् सागर जी , पूज्यआचार्य श्री विभवसागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री विभाश्वर सागर जी, मुनि श्री शुद्धोपयोग सागर जी ,मुनि श्री श्री सागर जी ,मुनि श्री श्रम सागर जी ,आर्यिका श्री भक्तिभारती जी, आर्यिका श्री सुवंदन माताजी , क्षुल्लिका श्री वात्सल्य भारती जी, डॉ सुनयश्री माताजी, क्षुल्लिका श्री सुमनश्री माताजी एवं दीदीजी ने आचार्य भगवान श्री विद्यासागर जी के प्रति अपनी अपनी विन्याजलि की अभिव्यक्ति की। कार्यक्रम का कुशल संचालन अजय भैया झापन तमूरा वालों ने किया।

# तेंजगढ़ अंचल में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस, सांस्कृति कार्यक्रमों की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ



जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तेजगढ़ और आसपास की शासकीय संस्थाओं में 77 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः काल 7:30 बजे शासकीय हाई स्कूल तेजगढ़ विद्यालय का ध्वजारोहण प्रभारी प्राचार्य अनरत सिंह ने किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया। और छात्र-छात्राओं ने भारत मां के और शहीदों के नारे लगाते हुए मुख्य मार्ग से रैली निकालकर पुनः स्कूल प्रांगण पहुंचे जहां पर जन समूह एकत्र था छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत और नृत्य के साथ रंगारंगी लोकगीतों की प्रस्तुति दिखाकर जन समूह को आनंदित कर दिया। जन प्रतिनिधियों ने नगद राशि देकर छात्र-छात्राओं को पुरूस्कृत कर उत्साहित किया। इस अवसर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष संग्राम सिह, बी डी सी सदस्य हरि सिंह यादव, अध्यक्ष हीरा सिह, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह, डॉ अनूप सिह, के आर सोनी और अनेको जगह के गणमान्य व्यक्ति स्कूल के शिक्षक और बड़ी संख्या छात्र छात्राएं एवं जनसमूह रहा। पतलोंनी शासकीय पी एम श्री हाई स्कूल का ध्वजा रोहण प्राचार्य जे एल अहिरवाल ने किया। सभी ने राष्ट्र गीत का गायन किया और छात्र-छात्राओं ने भारत मा और शाहीदों के जयकरों के नारे लगाते हुऐ ग्राम के मुख्य मार्गों से होकर प्रभात फेरी निकाली और पुनः स्कूल प्रागण पहुंचे जहां पर जन समूह एकत्र था। छात्र छात्राओं ने मंच से राष्ट्रीय गीत, रंगारंगी लोकगीत,नाटक, नृत्य के साथ कलाओं का प्रदर्शन कर जन समूह को दिखाया। उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने छात्र-छात्राओं के कार्यक्रम की सराहना कर नगद राशि देकर पुरूस्कार कर उत्साह वर्धन किया।

### शासकीय कार्यालयों में हुआ ध्वजारोहण

**तेजगढ़**। तेजगढ़ वन परिक्षेत्र कार्यालय का ध्वजा रोहण रेंजर नीराज पांडे ने सम्मान के साथ किया। थाना तेजगढ़ का ध्वजा रोहण मान सम्मान सलामी देकर थाना प्रभारी अरविंद सिह ने किया। तेजगढ़ पंचायत का ध्वजा रोहण सरपंच श्रीमती जयंती बाई ने, ग्राम पंचायत पतलोनी का ध्वजा रोहण सरपंच तिज्जाबाई ने किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि बेड़ी सिंह, सचिव मिठू सिंह, सहायक सचिव नरेंद्र सिंह और ग्राम के गणमान जन रहे। हरई पंचायत का ध्वजा रोहण सरपंच साहब सिंह ने, माडनखेड़ा पंचायत का ध्वजारोहण सरपंच जहर सिह ने, छिरकोना.पंचायत का ध्वजा रोहण देवी बाई ने, सुनवाही पंचायत का ध्वजा रोहण तुलसा बाई ने किया। परासई ग्राम पंचायत का ध्वजा रोहण लेकन सीग ने तेजगढ़ कोऑपरेटिव बैंक शाखा का ध्वजारोहण प्रबंधक पंकज मिश्रा ने, बांदोपहाड़ शासकीय प्राइमरी स्कूल का ध्वजारोहण शिक्षक सुधेश कुमार जैन ने किया। पड़रिया शासकीय प्राइमरी स्कूल का ध्वजारोहण शिक्षक प्रशांद निगम ने किया। सभी संस्थाओं में हर्ष उल्लास धूम धाम के साथ राष्ट्रीय कार्यक्रम मनाया गया और उपस्थित जनों को प्रसाद वितरण किया गया।



# 28 को पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेगी श्री मां बड़ी देवी

**दमोह**। गुप्त नवरात्रि के पावन पर्व पर श्री बड़ी देवी मंदिर परिसर में मंदिर समिति के प्रबंधक पंडित आशीष कटारे महाराज के सानिध्य में चल रहे अखंड कीर्तन की महा-आरती करने का सौभाग्य सकल हिन्दू समाज जिला दमोह को प्राप्त हुआ इस दौरान मां बड़ी देवी जी एवं अखंड कीर्तन की महा-आरती के उपरांत प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान मां बड़ी देवी मंदिर समिति के प्रबंधक पंडित आशीष कटारे ने जानकारी देते हुए बताया है कि गुप्त नवरात्रि के समय श्री बड़ी देवी मंदिर परिसर में पहली बार मां बड़ी देवी जी महामंत्र हे माता अम्बे जय जगदम्बे के नाम गुप्त नवरात्रि के नौ दिन अखंड कीर्तन निरंतर जारी है। दमोह नगर वासियों से अपील है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ अर्जित करें। सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के अध्यक्ष कपिल सोनी ने बताया कि गुप्त नवरात्रि के समापन पर दिनांक 28 जनवरी 2026 को मां बड़ी देवी जी पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेगी जो हटा रोड, रेलवे ओवरब्रिज, पलंदी चौराहा, घंटाघर, बकौली,पुराना थाना, सिटी नल, महाकाली चौराहा से फटेरा तालाब में समापन होगी यह पहला अवसर है जब मातारानी गुप्त नवरात्रि पर नगर भ्रमण पर निकलेगी। सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के उपाध्यक्ष राजीव राय सावजी ने बताया कि जब श्री बड़ी देवी मंदिर परिसर से माता रानी पालकी में नगर भ्रमण पर निकले तो सभी सामाजिक संगठनों, समस्त अखाड़े,भजन मंडलियां सहित सभी दुर्गा उत्सव समिति के पंडालों से पालकी यात्रा में अपने दल-बल अखाड़ा के साथ पालकी यात्रा में शामिल होने की अपील की गई है।

# शराब बंदी की तीसरी वर्षगांठ मनाई



**जबेरा**। जनपद पंचायत जबेरा के समीपस्थ ग्राम पंचायत भाट खमरिया के ग्राम मगर ई में आज से 3 वर्ष पूर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर ही शराब बंदी की गई थी उसी दिन से लेकर आज तक इस ग्राम में ना ही कोई शराब बेचता है एवं ना ही कोई शराब पीता है। ग्राम वासियों ने बताया कि भगवती मानव कल्याण संगठन के मार्गदर्शन में शराबबंदी लागू की गई थी तभी से इस ग्राम में शांतिपूर्ण माहौल रहता है ग्राम में कोई भी लड़ाई झगड़ा नहीं होते हैं एवं अब ग्राम के युवाओं ने संकल्प लिया है कि हम अपने ग्राम को नशा मुक्ति के साथ-साथ स्वच्छ एवं शिक्षित बनाएंगे इस अवसर पर ग्राम के समस्त युवाओं के साथ-साथ ग्राम के समस्त नागरिकों एवं महिलाओं की उपस्थिति रही उक्त कार्यक्रम को यादगार बनाने हेतु भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह ठाकुर के द्वारा ग्राम में तिरंगा फहराया गया तथा शपथ ली गई की पूर्व की भांति भविष्य में भी इस ग्राम में कोई भी व्यक्ति शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री नहीं करेगा। कार्यक्रम में जनपद पंचायत जबेरा के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ठाकुर के अलावा पर्वत सिंह, लंबरदार, नेताजी भागवत सिंह,देशराज सिंह,बहादुर सिंह,बराती सिंह,बाबू सिंह, दान सिंह ,राघवेन्द्र सिंह, राजेश धनगर सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुषों की उपस्थिति रही।

# बीड़ी श्रमिक कल्याण औषधालय में नहीं हुआ ध्वजारोहण

जबेरा जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम नोहटा में भारत सरकार एवं औषधि मंत्रालय द्वारा संचालित बीड़ी श्रमिक कल्याण औषधालय में ध्वजारोहण नहीं हुआ जो की ग्राम वासियों एवं आसपास के क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना हुआ है ,क्योंकि प्रतिवर्ष इस औषधालय में ध्वजारोहण किया जाता था परंतु इस वर्ष क्यों नहीं किया गया जिसकी शिकायत मीडिया के माध्यम से की गई मीडिया ने जब उच्च अधिकारियों से बात की तो अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि हमारे पास कर्मचारियों की कमी है इस समय केवल एक ही कर्मचारी है जो की ऑपरेशन कराने हेतु चिकित्सा अवकाश पर है।

# आन बान शान के साथ लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



गणतंत्र दिवस संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में हरस उल्लास के साथ मनाया गया सभी शासकीय अशासकीय विद्यालयों एवं निजी संस्थानों में गरिमा मय तरीके से ध्वज फहराया गया। उसी क्रम में आंचल के शासकीय एकीकृत हाई स्कूल पौड़ी मनगढ़ में गणतंत्र दिवस का 77 वा गणतंत्र दिवस समारोह बहुत ही गौरव गरिमा एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रातः7:30 बजे विद्यालय का ध्वजारोहण विद्यालय के प्राचार्य रामकिंकर शर्मा के द्वारा संपन्न किया गया। भारत माता एवं देश के शहीदों संविधान निर्माता के के लिए चित्र पर पुष्प अर्पण करते हुए ग्राम के गणमन नागरिकों में प्रमुख रूप से सरपंच मनोज राय जनपद सदस्य चंदन सिंह उप सरपंच राजेंद्र सिंह एजुकेशन एसडीओ अभिषेक प्रधान भारतीय स्टेट बैंक शाखा जबेरा के पिता, अधिकारी सौरभ राय ,पूर्व सरपंच एलजी राय, चेतू सिंह ठाकुर, मनोहर राय, दामिनी राय ,पहला सिंह ठाकुर ,कालूराम राय ,नन्नू लाल सेन, भीम शाह ,वहीद शाह ,लोकमन ,कौड़ी लाल राय ,बद्री प्रसाद राय, बलवान सिंह ठाकुर, दुर्गा राय हरिशंकर राय राधेश्याम राय वीरेंद्र सिंह राजपूत राजकुमार राय मंजू सिंह पूर्व सरपंच राजुल यादव सुरेंद्र जैन मुलायम राय खेमचंद राय अशोक चौधरी सुननी चौधरी श्री राम प्रसाद राय परवेज खान इलियास खानसहित अनेक गणमन नागरिकों की उपस्थिति में विद्यालय का ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न किया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई तथा विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं ने गीत एवं नाटक के माध्यम से आदित्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसकी सराहना उपस्थित गणमन नागरिकों द्वारा सर गर्वित हृदय से की गई एवं प्रत्येक कार्यक्रम पर छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु परितोष के रूप में नगद राशि भी प्रदान की गई। एक कार्यक्रम में सहभागिता करने वाली छात्र-छात्राओं को ग्राम के प्रथम नागरिक के द्वारा गिफ्ट भी प्रदान किए गए विद्यालय का यह राष्ट्रीय कार्यक्रम पूरे अंचल में बहुत ही सराहनीय रहा है। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं में आरके शर्मा चरण सिंह ठाकुर ओंकार सिंह गायत्री मरावी माया यादव गायत्री सैनी दिव्या तिवारी कुलदीप सिंह लोधी मनोज अहिरवार कुमारी आर्या तिवारी संध्या दुबे गोलू सिंह ठाकुर राजेंद्र यादव समिति शालाओं से अभय तिवारी सहित सभी शिक्षक शिक्षकों की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक कुलदीप सिंह लोधी के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन शिक्षक चरण सिंह ठाकुर के द्वारा किया गया।

# डीएवी ज्ञानोदय में लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सीमेंट फैक्ट्री नरसिंहगढ़ स्थित शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान, डी.ए.वी. ज्ञानोदय में गणतंत्र दिवस की 77वीं वर्षगांठ अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाई गई। यह भव्य आयोजन एच.सी.आई.एल. इकाई प्रमुख एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश दुबे के मार्गदर्शन तथा इकाई के समस्त विभागाध्यक्षों के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य आर.पी. कुर्मवंशी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ 'अतिथि देवो भवः' की भारतीय परंपरा के अनुरूप अतिथियों के भव्य स्वागत से हुआ। तत्पश्चात, मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई और विभिन्न दलों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर कंपनी के सुरक्षाकर्मियों एवं विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने अनुशासित मार्च पास्ट कर राष्ट्रीय ध्वज को गौरवपूर्ण सलामी दी। मुख्य अतिथि सुरेश दुबे ने अपने शुभकामना संदेश में विद्यार्थियों को जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने, आधुनिक संचार माध्यमों का सकारात्मक उपयोग करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने निरंतर कड़े परिश्रम को सफलता की कुंजी बताते हुए विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की, साथ ही बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित दिनचर्या अपनाने पर बल दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में देश के वीर सपूतों को याद करते हुए मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के संगीत समूह ने देशप्रेम से ओतप्रोत गीतों और हिंदी व अंग्रेजी भाषा में ओजपूर्ण भाषणों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति का संचार किया। प्राचार्य श्री आर.पी. कुर्मवंशी जी ने अपने उद्बोधन में तकनीकी समावेश और इंटरैक्टिव शिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि विद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कला-एकीकृत शिक्षा, आध्यात्मिक व मानसिक कल्याण और खेल गतिविधियों में छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए नवीन शिक्षण पद्धतियों के महत्व को रेखांकित किया। इसी कड़ी में, एच.आर. विभाग के तत्वावधान में हाइडलवर्ग कंपनी के उत्कृष्ट कर्मचारियों को उनके विशेष योगदान के लिए श्री सुरेश दुबे जी के कर-कमलों द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही, शैक्षणिक सत्र की गतिविधियों में विजेता 'दयानंद सदन', उपविजेता 'श्रद्धानंद सदन' और बेस्ट टूप के लिए 'अरविंदो सदन' को पुरस्कृत किया गया। इस पुनीत अवसर पर अभिभावक, शिक्षक, कर्मचारी और परिसर के निवासी उपस्थित रहे। विद्यालय की साज-सज्जा विद्यार्थियों और शिक्षकों के सहयोग से की गई थी। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन विद्यार्थियों द्वारा किया गया और समारोह का समापन डी.ए.वी. गान एवं शांति पाठ के साथ सानंद संपन्न हुआ।

# पत्रकार श्याम सुंदर जैन का आकस्मिक निधन, नगर व क्षेत्र में शोक की लहर

**दमोह**। तेंदूखेड़ा नगर के वरिष्ठ पत्रकार श्याम सुंदर जैन (54 वर्ष) का मंगलवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। जैसे ही उनके निधन की सूचना नगरवासियों तक पहुंची, पूरे नगर सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। ज्ञात हो कि श्याम सुंदर जैन लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय थे। उनके आकस्मिक निधन से पत्रकारिता जगत एवं नगर को अपूरणीय क्षति हुई है। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र एवं एक पुत्री को शोकाकुल अवस्था में छोड़ गए हैं। दिवंगत पत्रकार का अंतिम संस्कार बुधवार सुबह 9 बजे नगर स्थित वार्ड क्रमांक 9 के शांति धाम में किया जाएगा। निधन की सूचना पर नगर के पत्रकारों, सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

